# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 7th



aglasem.com

Class : 7th

Subject : हिन्दी

Chapter : 2

Chapter Name : दादी  माँ

Q1 लेखक को अपनी दादी माँ की याद के साथ-साथ बचपन की और किन-किन बातों की याद आ जाती हैं ?

Answer. दादी माँ की याद आते ही लेखक को अपने बचपन की याद आती है | दादी मां की याद के साथ-साथ बचपन की और बातों की याद जैसे गाँव में भरे हुए झाग वाले पानी में कूदना, आम और जामुन खाना, पानी में भीग कर बीमार होना और दादी माँ की बनी हुई घर की दवाई और इसके अलावा उसे किशन भैया की शादी भी याद आती है |

page : 10 , Block Name :  कहानी से

Q2 दादा की मृत्यु के बाद लेखक की घर की आर्थिक स्थिति खराब क्यों हो गई थी ?

Answer. दादा की मृत्यु के बाद लेखक की आर्थिक स्थिति इसलिए ख़राब हो गयी थी क्योंकि कई कपटी मित्रों और शुभचिंतकों ने संपत्ति का दुरुपयोग किया | दादा की मृत्यु के बाद दादी माँ के लाख मना करने पर भी लेखक के पिताजी ने उनके श्राद्ध में खूब खर्च किया | उनकी मृत्यु के बाद धन का सही उपयोग न कर अपनी आर्थिक स्थिति को उन्होंने बहुत ही ख़राब कर लिया था |

page : 10 , Block Name :  कहानी से

Q3 दादी माँ के स्वभाव का कौन सा पक्ष आपको सबसे अच्छा लगता है और क्यों ?

Answer. दादी माँ के स्वभाव का हर एक पक्ष प्रशंसनीय है | लेकिन उनका जो स्वभाव सबसे अच्छा लगता है वह उनका दूसरों की मदद करना है | दादी माँ हर किसी की मदद करती हैं बदले में बिना कुछ माँगे, जैसे- दादी ने रामी चाची की बेटी की शादी के समय उनकी आर्थिक रूप से मदद की थी जबकि रामी चाची के ऊपर पहले से ही उधार था | जब लेखक के घर की आर्थिक स्थिति ख़राब होने लगी थी तब दादी माँ ने दादाजी के दिए हुए जेवरों को उन्हें दे कर उनकी मदद की थी |

page : 10 , Block Name :  कहानी से

Q. 1 आपने इस कहानी में महीनों के नाम पढे, जैसे- क्वार, आषाढ़, माघ। इन महीनों में मौसम कैसा रहता हैं , लिखिए।

Answer १) क्वार-  यह महीना बारिश और सर्दियों के मौसम के बीच आता है, इस मौसम में न तो ज्यादा गर्मी होती है और न ही ज्यादा सर्दी |

२) आषाढ़- आषाढ़ का महीना जून से शुरू होता है, इस महीने में बहुत ही गर्मी पड़ती है और कभी-कभार हलकी बारिश भी हो जाती है |



Aglasem Schools

३) माघ- माघ का महीना अत्यधिक ठण्ड के साथ शुरू होता है लेकिन इस महीने के ख़त्म होते-होते ठण्ड कम होने लगती है |

page : 10 , Block Name : कहानी से आगे

Q. 2 'अपने-अपने मौसम की अपनी -अपनी बातें होती हैं' – लेखक के इस कथन के अनुसार यह बताइए कि किस मौसम में कौन -कौन सी चीजें विशेष रूप से मिलती हैं ?

Answer : हमारे देश में तीन मुख्य मौसम होते है गर्मी, बरसात और सर्दी | इन सभी मौसम में अलग-अलग चीज़ें मिलती है |

**गर्मी-** इस मौसम में खीरा-ककड़ी, लीची, तरबूज, खरबूज जैसे फल बहुत ही आसानी से मिलते हैं और सब्जियों में लौकी, तरोई और टिंडे मिलते हैं |

**बरसात-** इस मौसम में बारिश और तेज हवा चलने से फलों में हर तरह के आम और अमिया, आड़ू और आलूबुखारा बहुत ही आसानी से मिलता है और सब्जियों में बेंगन और फलियां अधिक मात्रा में मिलती हैं |

**सर्दी-** इस मौसम में ठण्ड होने की वजह से फलों में अमरुद,केले और अंगूर मिलते हैं और सब्जियों में नया आलू, गोभी, गाजर आदि मिलती हैं |

page : 11, Block Name : कहानी से आगे

Q. 1 इस कहानी में कई बार ऋण लेने की बात आपने पढ़ी | अनुमान लगाइए, किन-किन पारिवारिक परिस्थितियों में गाँव के लोगों को ऋण लेना पड़ता होगा और यह उन्हें कहाँ से मिलता होगा? बड़ों से बातचीत कर इस विषय में लिखिए|

Answer - गाँव के लोगों की आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं होती | इन्हें शादी-ब्याह के अवसर पर ऋण लेना पड़ता हैं| बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए, घर बनाने के लिए, कृषि के लिए, वाहन ख़रीदने के लिए ऋण की आवश्यकता होती हैं| इन लोगों को ऋण गाँव के साहूकारों से, ग्रामीण बैंकों से, सहकारी बैंकों से मिल सकता हैं |

page : 11, Block Name : अनुमान और कल्पना

Q2 घर पर होनेवाले उत्सवों/समारोहों में बच्चे क्या-क्या करते हैं? अपने और अपने मित्रों के अनुभवों के आधार पर लिखिए |

Answer - छात्र अपने मित्रों से बातचीत कर स्वयं लिखे |

page : 11, Block Name : अनुमान और कल्पना

Q1 नीचे दी गई पंक्तियों पर ध्यान दीजिए -

जरा- सी कठिनाई पड़ते

अनमना–सा हो जाता है

सन- से सफ़ेद

समानता का बोध कराने के लिए सा,सी,से का प्रयोग किया जाता है।ऐसे पाँच और शब्द लिखिए और उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

Answer : समानता का बोध कराने वाले शब्द –

१) छोटी-सी - इतनी छोटी-सी बात को इतना बड़ा बनाने की ज़रूरत नहीं है |

२) सुन्दर-सा - इस गाने का मुखड़ा कितना सुन्दर-सा है |

३) फूलों-सी - उसकी त्वचा फूलों-सी कोमल है |

४) लंबी-सी - यह सामने कौन लंबी-सी लड़की कड़ी हुई है |

५) गुड़-सा - यह दूध तो गुड़-सा मीठा हो गया है |

page : 11, Block Name : भाषा की बात

Q.2 कहानी में 'छू- छूकर ज्वर का अनुमान करतीं, पूछ -पूछकर घरवालों को परेशान कर देतीं' – जैसे वाक्य आए हैं। किसी क्रिया को ज़ोर देकर कहने के लिए एक से अधिक बार एक ही शब्द का प्रयोग होता है । जैसे वहाँ जा-जाकर थक गया , उन्हें ढूँढ-ढूँढ-कर देख लिया। इस प्रकार के पाँच वाक्य बनाइए।

aglasem.com

Answer

१) तुम क्यों इतनी ज़ोर-ज़ोर से चिल्ला रहे हो?

२) रोज़ बस धीमी-धीमी बारिश होकर बंद हो जाती है |

३) यहाँ तो दूर-दूर तक कोई दिखाई नहीं दे रहा है |

४) बच्चे बार-बार मना करने पर भी वही काम करते हैं |

५) जल्दी-जल्दी में सब काम बिगड़ जाते हैं |

page : 11, Block Name : भाषा की बात

Q3बोलचाल में प्रयोग होने वाले शब्द और वाक्यांश 'दादी माँ' कहानी में हैं। इन शब्दों और वाक्यांशो से पता चलता है कि यह कहानी किसी विशेष क्षेत्र से संबंधित है। ऐसे शब्दों और वाक्यांशो में क्षेत्रीय बोलचाल की खूबियाँ होती हैं। उदाहरण के लिए-निकसार, बरह्मा, उरिन, चिउड़ा, छौंका इत्यादि शब्दों को देखा जा सकता है। इन शब्दों का उच्चारण अन्य क्षेत्रीय बोलयों में अलग ढंग से होता है, जैसे-चिउड़ा को चिड़वा, चूड़त्र, पोहा और इसी तरह छौंका को छौंक, तड़का भी कहा जाता है। निकसार, उरिन और बरह्मा शब्द क्रमश: निकास, उऋण और ब्रह्मा शब्द का क्षेत्रीय रूप हैं। इस प्रकार के दस शब्दों को बोलचाल में उपयोग होनेवाली भाषा/बोली से एकत्र कीजिए और कक्षा में लिखकर दिखाइए।

Answer.

कृपा - किरपा

- मर्द - मरद
- दुर्बल - दुबला
- भैया - भइया
- लक्षण - लच्छन
- रिश्तेदार - रिस्तेदार
- गाँव - गाम, ग्राम
- जल - पानी, पाणी
- ऑफिसर - अफसर
- सुबह - सवेरा, सबेरा

page : 11, Block Name :  भाषा की बात

aglasem.com